दिन– सोमवार                                                                                    दिनांक– 10 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से।                                                                    अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 8वें संस्करण में आज विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नवादा जिले को सकरी नदी पर पुल और डिग्री कॉलेज समेत सौ से अधिक विकास योजनाओं की सौगात देंगे।

03. राज्य में जमीन सर्वे के लिए इक्कीस फरवरी तक अंचल के शिविरों में ही जमा होगी स्वघोषणा और वंशावली।

04. और, अडतीसवें राष्ट्रीय खेल में बिहार को तलवारबाजी में छब्बीस साल बाद मिला रजत पदक। मॉर्डन पैंटाथलॉन के महिला वर्ग में कांस्य पदक हुआ प्राप्त।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण में आज सुबह ग्यारह बजे दूरदर्शन सहित विभिन्न मंचों पर पूरे देश के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री परीक्षा की तैयारियों, तनाव से निपटने और व्यक्तिगत विकास पर अपने विचार साझा करने के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल, शिक्षा और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस कार्यक्रम में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के छत्तीस विद्यार्थियों का चयन किया गया है। ये विद्यार्थी प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करेंगे। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है मंत्रालय ने बिहार में बडा निवेश करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में पंचानवे हजार पांच सौ करोड़ रूपये से अधिक का निवेश हो रहा है और इससे बिहार में रेल परिदृश्य पूरी तरह से बदल जाएगा।

–––बाइट–––

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आश्वासन दिया है कि बिहार के लिए धन की कोई कमी नही है। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिये बिहार को दस हजार छियासठ करोड़ रुपये आबंटित किय गये हैं जो कि रिकॉर्ड है।

---बाइट---

इससे पहले श्री वैष्णव ने बेतिया छावनी में एक रेल ओवर ब्रिज का उद्‌घाटन किया। इसका निर्माण पूर्व-मध्य रेल एक सौ तीन करोड़ रूपये की लागत से किया है। केन्द्रीय मंत्री ने बेतिया छावनी में एक जनसभा को भी संबोधित किया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नवादा जिले को सौ से अधिक योजनाओं की सौगात देंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रगति यात्रा के चौथे चरण में श्री कुमार विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे।

---बाइट---

---

राज्य में जमीन सर्वे के लिए रैयत इक्कीस फरवरी तक ऑनलाइन माध्यम से स्वघोषणा और वंशावली जमा नहीं करवा सकेंगे। सर्वर में किये जा रहे बदलाव के कारण राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने यह निर्णय लिया है। भू-अभिलेख और परिमाप निदेशालय ने रैयतों से कहा है कि वे जमीन की स्वघोषणा अंचल स्थित शिविर कार्यालय में जाकर ऑफ लाईन जमा करा सकते हैं। स्वघोषणा जमा करने की ऑनलाइन व्यवस्था बाईस फरवरी से शुरू होगी। गौरतलब है कि प्रदेश में मार्च दो हजार पच्चीस तक स्वघोषणा जमा करने का प्रावधान किया गया है। अब तक अठ्हत्तर लाख रैयत स्वघोषणा जमा करवा चुके हैं।

---

राज्य के पैक्सों में आज से सहकारी चौपाल की शुरूआत हो रही है। यह चौपाल एक माह तक चलेगी। विभाग के संयुक्त सचिव कामेश्वर ठाकुर ने बताया कि चौपाल कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीणों के बीच सहकारिता विभाग की योजनओं का प्रचार-प्रयार किया जाएगा। साथ ही इसमें कृषि सलाहकार, कृषि

समन्वयक, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा।

———————————————————————————

उत्तराखंड में आयोजित अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में बिहार का शानदार प्रदर्शन जारी है। राष्ट्रीय खेल के तेरहवें दिन प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक रजत और कांस्य पदक जीता है। सारण जिला निवासी आकाश ने तलवारबाजी के फाइनल मुकाबले में रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बिहार को छब्बीस वर्ष बाद पदक मिला है। वहीं, मॉर्डन पैंटाथलॉन के महिला वर्ग में बिहार की बेबी कुमारी, प्रतिभा भारती और कनक तिवारी की टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। मॉडर्न पैंटाथलॉन में बिहार का दूसरा पदक है। राष्ट्रीय खेल में बिहार एक स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य समेत कुल ग्यारह पदकों के साथ पदक तालिका में अट्ठाईसवें स्थान पर है।

———————————————————————————

प्रदेश में आज से फाइलेरिया उन्नमूलन अभियान शुरू हो रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से इस अभियान की शुरूआत करेंगे। अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में बिहार के अभियान से जुड़े चौबीस जिले के जिलाधिकारी भी शामिल रहेंगे। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्नमूलन कार्यक्रम के तहत राज्य के चौबीस जिलों में साढ़े सात करोड़ से अधिक लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुंगेर के सिविल सर्जन डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि चौदह दिन तक चलने वाले इस अभियान के शुरूआती चरण में घर–घर जाकर लोगों को दवा खिलाई जाएगी।

———बाइट———

———————————————————————————

और अब खबरें महाकुंभ से——

———म्यूजिक———

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज प्रयागराज में महाकुंभ जाएंगी। वे गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगी। राष्ट्रपति अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर के भी दर्शन करेंगी। राष्ट्रपति डिजिटल महाकुंभ केंद्र में आधुनिक

तकनीक के माध्यम से महाकुंभ की गहनता के बारे में जानकारी लेंगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

———म्यूजिक———

————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को साईकिल, पोशाक, छात्रवृति और अन्य प्रोत्साहन योजनाओं की राशि का भुगतान बिना आधार से जुड़े बैंक खातों में भी होगा। विद्यार्थियों की आधार सिडिंग खातों की कम संख्या को देखते हुए शिक्षा विभाग ने अपने पूर्व के फैसले में बदलाव किया है।

————————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने कहा है कि एक कक्षा में अधिकतम चालीस विद्यार्थियों का ही दाखिला होगा। बोर्ड के सचिव हिमांशु गुप्ता ने बताया कि बोर्ड की ओर से जारी दिशा–निर्देश के अनुसार अब तीन वर्षों तक अनिवार्य रूप से कक्षा एक से बारहवीं तक के प्रत्येक सेक्शन में चालीस विद्यार्थी ही अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही स्कूल एफिलिएशन रिजाइंड ऑटोमेशन सिस्टम–सारस का छठा संस्करण लांच किया जाएगा। इसके माध्यम से स्कूल सेक्शन बढ़ाने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

————————————————————————

पछुवा हवा की गति कम होने के साथ ही प्रदेश में ठंड का असर कम होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना क अनुसार अगले बहत्तर घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी होगी। वहीं, के राज्य के उत्तरी हिस्सों में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान अठ्ाईस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ औरंगाबाद प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना समेत अन्य जिलों में अधिकतम तापमान पच्चीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। दूसरी तरफ, राज्य का औसत न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है।

————————————————————————

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, ईपीएफओ से जुड़े निजी क्षेत्र के नये कर्मचारियों के लिए यूनिवर्सल एकाउंट नम्बर– यू.ए.एन. को सक्रिय करने की समय सीमा एक बार फिर बढ़ा दी गयी है। कर्मचारियों को अब अपने यू.ए.एन और बैंक खातों को पंद्रह फरवरी तक हर हाल में आधार से लिंक करना होगा। इससे पहले इसकी अंतिम तिथि पंद्रह जनवरी निर्धारित थी। यू.ए.एन. सक्रिय होने से कर्मचारी रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन योजना का उठा पायेंगे।

इधर, केंद्र सरकार ने कहा है कि यदि बैंक और दूसरी संस्थाओं ने गलत तरीके से टीडीएस काट लिया है तो करदाता इस कटौती में सुधार के लिए संशोधित टीडीएस रिटर्न इकतीस मार्च तक दाखिल कर सकते हैं। वहीं, गलत तरीके से हुई कटौती में संशोधन करने की समय सीमा अधिकतम छह वर्ष तय की गयी है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां....

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – भूमि सर्वे के लिए ऑनलाइन स्वघोषणा इक्कीस फरवरी तक बंद।

**दैनिक जागरण** ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की बिहार यात्रा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – रेल मंत्री ने कहा– बिहार के विकास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष ध्यान। नीतीश ने दिया सुशासन।

**दैनिक भास्कर** की विशेष खबर है– बिहार में टाटानगर जैसी औद्योगिक टाउनशिप बनेगी, एक लाख रोजगार भी। अखबार लिखता है – पहले चरण में गया में टाउनशिप विकसित होगी।

**प्रभात खबर** नीट–यूजी की खबर को अपनी लीड बनाते हुए लिखा है – समान अंक वालों की रैंक तय करेगी समिति। नई व्यवस्था में टाई–ब्रेकिंग प्रक्रिया में एक अतिरिक्त नियम रैंडम प्रक्रिया को जोड़ा गया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 8वें संस्करण में आज विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज नवादा जिले को सकरी नदी पर पुल और डिग्री कॉलेज समेत सौ से अधिक विकास योजनाओं की सौगात देंगे।

03. राज्य में जमीन सर्वे के लिए इक्कीस फरवरी तक अंचल के शिविरों में ही जमा होगी स्वघोषणा और वंशावली।

---

04. और, अडतीसवें राष्ट्रीय खेल में बिहार को तलवारबाजी में छब्बीस साल बाद मिला रजत पदक। मॉर्डन पैंटाथलॉन के महिला वर्ग में कांस्य पदक हुआ प्राप्त।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।